तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 2 जुलाई 2026

4 कबीर जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा सामाजिक समरसता का दिखा संगम





## खबर संक्षेप

### सेवा सेतु पोर्टल से नम्रता को घर बैठे मिला आय प्रमाण-पत्र

**रायगढ़।** खरसिया तहसील अंतर्गत ग्राम जैमुड़ा निवासी नम्रता पटेल ग्राम जैमुड़ा निवासी ने बताया कि उन्हें पढ़ाई और अन्य शासकीय सेवाओं के लाभ के लिए आय प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी। इसी दौरान उन्हें सेवा सेतु पोर्टल की जानकारी मिली। पोर्टल के माध्यम से ग्राम और तहसील स्तर पर स्थापित सेवा सेतु केंद्रों के जरिए विभिन्न सरकारी सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा उपलब्ध है। नम्रता पटेल ने इस सुविधा का लाभ उठाते हुए अपने आय प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन किया। उन्होंने 19 जून को सेवा सेतु के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किया, जिसे प्रशासन द्वारा त्वरित प्रक्रिया के तहत 22 जून को अनुमोदित कर दिया गया। कुछ ही दिनों में उन्हें अपना आय प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया।

### जिले में 75.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** जिले में 1 जुलाई तक 75.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है।
भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 से अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 163.7 मिली मीटरए पुसौर में 88, खरसिया में 67.2, घरघोड़ा में 35.8, तमनार में 105.6, लैलूंगा में 49, मुकडेगा में 49.8, धरमजयगढ़ में 26.8, छाल में 79.8 एवं कापू में 87.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

मुख्यमंत्री विद्यार्थी उत्कर्ष योजना लिखित चयन प्रवेश परीक्षा 5 को
रायगढ़। मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना सत्र 2026-27 के तहत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए लिखित चयन परीक्षा का आयोजन 5 जुलाईए रविवार को किया जाएगा। परीक्षा का समय दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक निर्धारित किया गया है।

### 7 उपद्रवी युवकों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**रायगढ़।** थाना प्रभारी तमनार ने सभी चिन्हित युवकों को थाना तलब कर कड़ी समझाइश दी। इसके बावजूद उनके पुनः शांति भंग करने एवं कानून.व्यवस्था प्रभावित करने की आशंका पाए जाने पर थाना तमनार द्वारा धारा 170 बीएनएसएस सहपठित धारा 123 एवं 135,3 बीएनएसएस के तहत निवारक कार्रवाई करते हुए सभी सातों अनावेदकों को एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा इन अनावेदकों के विरुद्ध जेल वारंट जारी किए जाने पर उन्हें जेल दाखिल कराया गया। तमनार पुलिस के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। चूड़ामणी गुप्ता पिता खगेश्वर साय, 23 बिजना, मनीष कुमार यादव पिता स्व. रामलाल यादव 21 गोहड़ीडीपा, नारायण दास महंत पिता स्व. शंकर दास महंत 41 सरईटोला, मनीष कुमार यादव पिता रतनलाल यादव 26 लैलूंगा, नरेन्द्र पटनायक पिता किशोर पटनायक 25 गोढ़ी, कमल किशोर सिदार पिता विजय सिदार 23 गोढ़ी, पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में असामाजिक तत्वों में हड़कंप है।


## अन्य किसी माप की नहीं है मान्यता, कई कंपनियां अपने-अपने स्तर पर लगाती है डिजिटल डिवाइस

# 6 दशक पुरानी बारिश का पैमाना आज भी प्रासंगिक एक गिलासनुमा यंत्र बताता है पूरी तहसील का माप

**हर तहसील में लगा रहता है यह वर्षामापी सुबह 8 बजे तक देना होता है रिपोर्ट**







हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

डिजिटल, एआई के दौर में भी कुछ पारंपरिक उपकरण आज भी अपनी सटीकता और विश्वसनीयता की वजह से उपयोग में बने हुए है। ऐसे ही 6 दशक पुरानी एक गिलासनुमा यंत्र बारिश का एक पैमाना आज भी प्रासंगिक है जो पूरे तहसील का माप बताता है।

दिलचस्प बात यह है कि डिजिटल दुनिया में भी सरकार इसी को आधार मानती है। अन्य किसी माप की मान्यता नहीं है। कई कंपनियां अपने-अपने स्तर पर ऑटोमेटिक वेदर मशीन लगाए हैं, लेकिन प्रमाणित तहसील में जो यंत्र लगा है उसी को मानी जाती है। यह जिले के हर तहसील में लगे रहता है और हर दिन सुबह 8 बजे से पहले इसकी रिपोर्ट भू-अभिलेख को देनी होती है, यह रिपोर्ट सीधे शासन के राजस्व विभाग दर्ज करता है। जिलों से लेकर प्रदेश में बारिश का एक ही मापक है और वह है तहसील में लगे एक गिलासनुमा यंत्र। प्रारंभिक कॉल से ही इसी यंत्र का उपयोग बारिश का पैमाना के रुप में उपयोग किया जा रहा है। तहसील कार्यालय के किसी ऐसे जगह में लगाया जाता है जहां बारिश का पानी सीधे उसमें गिरे। उसमें भरे पानी का माप करने के लिए एक छोटा सा गिलास रहता है जिसमें माप लिखा रहता है। उसी माप को दर्ज किया जाता है। इसके लिए तहसीलों में किसी एक कर्मचारी को जिम्मेदारी दी जाती है। 15 जून से 15 अक्टूबर तक हर दिन चाहे अवकाश ही क्यों न हो मापना जरुरी है। यह एक व्यास में बना रहता है जिसमें पानी भ्ररता है और छोटी से छेद से होकर नीचे मापक में जमा होता है। उसी मापक से पानी निकालकर गिलास जैसे एक अलग से मानक में माप किया जाता है। माप करने वाला कर्मचारी उसे उसे हर दिन लेकर आता है और माप दर्ज करने के बाद फिर घर लें जाता है।

**नागपुर से आता है वह माप**

जो गिलास जैसे माप रहता है उसमें एमएल लिखा रहता है। उसमें बारिश का जितना पानी भरा रहता है उसे मापने के बाद जहां तक पानी भरता है उस एमएल को ही दर्ज किया जाता है। उस मानक को तहसील का कर्मचारी हर दिन लेकर आता है और माप दर्ज करने के बाद फिर घर ले जाता है। हर दिन सुबह 8 बजे से पहले उसे आना पड़ता है। यही रिपोर्ट शासन के राजस्व विभाग को भेजी जाती है। यह मानक नागपुर से आती है जिसे सरकार द्वारा विशेष तौर पर आर्डर की जाती है। इसे हर जिलों में भेजी जाती है।

**भू- अभिलेख में रहता है अतिरिक्त**

हर जिले के भू-अभिलेख शाखा में कुछ मानक अतिरिक्त रहता है। यदि किसी कारण से तहसीलों में टूट गया या कुछ और हो गया तो तत्काल भेज दी जाती है। हालांकि वह ऐसा मानक है जो न तो टूटता है और न ही अन्य किसी तरह का नुकसान होता है। कर्मचारी भी उसे संभाल के सावधानी से रखते हैं। इसलिए टूटने की संभावना नहीं के बराबर रहती है।

**पहले जाता था लिफाफे में रिपोर्ट**

एक समय था जब बारिश का माप एक सप्ताह में एक बार हाथ से लिखे रिपोर्ट लिफाफे से भेजी जाती थी। वह कब पहुंचता था वह भी ठीक नहीं रहता था, लेकिन उसे ही रिकार्ड में रखा जाता था। फिर कम्प्यूटर का समय चालू हुआ तो उसमें रिपोर्ट तैयार किया गया और अब तो माप के तत्काल बाद रिपोर्ट मोबाइल से ही भेज दी जाती है। अन्य कार्यो में भलेहि आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है, लेकिन वर्षा मापने का तरीका अब तक नहीं बदला है। याने एक गिलासनुमा बारिश का पैमाना पूरे तहसील का बारिश का अनुमान बता देता है।

## जेल से छूटते ही फिर दिया लूटकांड को अंजाम पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने ढिमरापुर रोड पर हुई लूट की वारदात में शामिल दो आदतन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने राह चलते युवक से मारपीट कर 15 हजार 200 लूट लिए थे। गिरफ्तार आरोपियों में एक बदमाश महज तीन दिन पहले जेल से छूटकर बाहर आया था, लेकिन बाहर आते ही फिर लूट की वारदात को अंजाम दिया । प्रार्थी त्रिनाथ सामल 31 ढिमरापुर ने 30 जून को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया था। वह जगन्नाथ हरिशचंद्र ज्वेलर्स में सेल्समैन है। 29 जून को कार्यालयीन कार्य से रायपुर गया था। देर रात बस से रायगढ़ लौटने के बाद मालिक के घर सामान पहुंचाकर अपने कमरे की ओर जा रहा था। रात करीब साढ़े 12 बजे ढिमरापुर रोड स्थित आदित्य मोटर्स के पास दो युवकों ने उसे रोककर जबरन रुपये मांगने लगे। विरोध करने पर दोनों ने उसके साथ मारपीट कर जमीन पर गिरा दिया और उसकी जेब में रखे 15,200 लूटकर चैतन्य नगर की ओर भाग निकले। कोतवाली पुलिस ने धारा 309,6, 3,5 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। घटनास्थल एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए, जिनमें एक काले रंग की शर्ट तथा दूसरा मटमैले रंग की शर्ट पहने हुए था।

## नकली खाद का संगठित गिरोह सालों से था सक्रिय, अब जाकर आए पकड़ में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा/कटेली



**सरसीवां के गाड़ापाली में चार पर एफआईआर**

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में डीएपी खाद के नाम पर किसानों से कथित ठगी करने वाले गिरोह का कृषि विभाग और प्रशासन की टीम ने भांडाफोड़ किया है। संयुक्त कार्रवाई के दौरान सरसीवा से लगे ग्राम गाड़ापाली में घेराबंदी कर पुलकित बायोफर्टीलाइजर प्रा. लि से जुड़े चार अधिकृत व्यक्तियों को पकड़ा गया। सभी के विरुद्ध सरसीवा थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार आरोपी पिछले दो तीन वर्षों से सरसीवा क्षेत्र में रहकर सारंगढ़ बिलाईगढ़ के अलावा जांजगीर चांपा और शक्ति जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के बीच सक्रिय थे। आरोप है कि वे गांव-गांव जाकर अपने उत्पाद को डीएपी खाद बताकर किसानों को बेचते थे।

किसानों को बिल भी दिया जाता था, जबकि बताया जा रहा है कि बेचा जा रहा उत्पाद डीएपी नहीं था। बताया गया है कि आरोपी सुनसान स्थानों पर किराए के कमरे लेकर अपना ठिकाना बनाते थे और लगातार जगह बदलकर ग्रामीण क्षेत्रों में अपने गिरोह के माध्यम से खाद बेचते थे, ताकि उन पर आसानी से संदेह न हो। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भी सरसीवा तहसील अंतर्गत ग्राम भिनोदा में इसी कंपनी का खाद मिला थाए लेकिन उस समय विक्रेताओं तक कार्रवाई नहीं पहुंच सकी थी। इस बार कृषि विभाग और तहसील प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ने में सफलता मिली। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही खाद खरीदें, खरीद का पक्का बिल लें तथा यदि कोई व्यक्ति गांव में डीएपी के नाम पर संदिग्ध खाद बेचते हुए मिले तो इसकी सूचना तत्काल कृषि विभाग या नजदीकी पुलिस थाने को दें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

## इमली की बोरी और नीचे में गांजे का खेप, 94 किलो के साथ दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला



डोंगरीपाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 94 किलो अवैध गांजा के साथ दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्कर बेहद शातिर तरीके से गांजा को ट्रक में लोड लगभग 12 टन इमली की बोरियों के नीचे छिपाकर ले जा रहे थे, ताकि पुलिस और जांच एजेंसियों को इसकी भनक तक न लगे। लेकिन पुलिस की सतर्कता और सटीक मुखबिर सूचना के चलते पूरा षड्यंत्र विफल हो गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने गांजा तस्करी में प्रयुक्त ट्रक और तीन मोबाइल सहित 24.40 लाख जब्त किया है।

थाना डोंगरीपाली प्रभारी भगवती प्रसाद कुर्रे के नेतृत्व में पुलिस टीम संदिग्ध वाहनों पर विशेष नजर रखे हुए थी। ओड़िशा की ओर से एक ट्रक में भारी मात्रा में अवैध गांजा छिपाकर उत्तर प्रदेश ले जाने की सूचना पुलिस को मिली थी। पुलिस टीम तत्काल सक्रिय हुई और सुहेला बरमकेला मुख्य मार्ग स्थित ग्राम डोंगरीपाली मोड़ के पास घेराबंदी कर वाहनों की सघन जांच शुरू कर दी। कुछ समय बाद मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए का आयशर ट्रक क्रमांक यूपी 30 डीटी 5256 वहां पहुंचा। पुलिस ने ट्रक को रोककर चालक से पूछताछ की और दस्तावेजों की जांच की। प्रारंभिक निरीक्षण में ट्रक पूरी तरह इमली की बोरियों से भरा हुआ दिखाई दिया। ट्रक में करीब 12 टन इमली लोड थी, जिससे पहली नजर में किसी को भी अवैध सामान होने का संदेह नहीं हो सकता था। हालांकि पुलिस को पहले से मिली सूचना के आधार पर संदेह बना रहा। इसके बाद पुलिस टीम ने एक एक कर इमली की बोरियों को हटाकर गहन तलाशी ली। काफी देर तक चली जांच के बाद बोरियों के नीचे प्लास्टिक पैकेटों में छिपाकर रखा गया 94 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। गांजा को इस तरह छिपाया गया था कि सामान्य जांच में उसका पता लगाना मुश्किल था, लेकिन पुलिस की सतर्कता और बारीकी से की गई तलाशी ने तस्करों की पूरी योजना पर पानी फेर दिया। मौके से पुलिस ने ट्रक चालक जगत मोदक 52, निवासी धनबाद झारखंड तथा ट्रक के खलासी सुनील बर्मा 40 निवासी नर्मदापुरम मध्य प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपी गांजा के संबंध में कोई वैध दस्तावेज या संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 9.40 लाख मूल्य का 94 किलो गांजा, करीब 15 लाख रुपए कीमत का आयशर ट्रक तथा तीन मोबाइल फोन जब्त किए हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ डोंगरीपाली पुलि में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी एवं 29 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें न्यायिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय में पेश किया गया।

> ओड़िशा से गांजा आने की सूचना मिली थी। घेराबंदी कर पकड़ा गया है। इमली की बोरियों के नीचे गांजा छिपाकर ले जाया जा रहा था।
>
> **भगवती प्रसाद कुर्रे**
> टीआई डोंगरीपाली

## 100 दिन बाद रामदास की हुई घर वापसी



**रायगढ़।** पुसौर विकासखंड के ग्राम पुटकापुरी निवासी रामदास महंत मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण करीब 100 दिन पहले घर से निकल गए थे। परिजनों और ग्रामीणों ने लगातार उनकी तलाश कीए लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसी बीच सोशल मीडिया के माध्यम से उनके राजस्थान के सिरोही जिले में होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिला प्रशासन तत्काल सक्रिय हो गया। संबंधित थाना प्रभारी ने राजस्थान स्थित मानव सेवा आश्रम से संपर्क कियाए जहां पुष्टि हुई कि रामदास महंत पिछले लगभग 15 दिनों से सुरक्षित हैं।

## सरकारी वाहन में तोड़फोड़ और बलवा मामले के फरार आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** लैलूंगा पुलिस ने बीते 2015 से फरार चल रहे बलवा एवं पुलिस टीम पर हमले के आरोपी हेमा राठिया को उसके गांव पहुंचने की सूचना पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण वर्ष 2015 का है जब आरोपी हेमा राठिया अपने अन्य साथियों के साथ बोलेरो, महिंद्रा मैक्सीमो एवं मोटरसाइकिलों में सवार होकर लाठी, डंडा एवं लकड़ी की फालियों से लैस होकर घटनास्थल पर पहुंचे थे।

आरोपियों ने मर्ग पंचनामा की कार्रवाई में लगे पुलिस बल के शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाते हुए पुलिस अधिकारियों एवं जवानों पर हमला कर मारपीट की थी। जान से मारने की धमकी देते हुए गाली.गलौज की गई तथा पुलिस के शासकीय वाहन में भी तोड़फोड़ की गई थी। घटना में पुलिस का शासकीय वाहन भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। घटना के संबंध में तत्कालीन थाना प्रभारी लैलूंगा की रिपोर्ट पर धारा 147, 148, 149, 186, 353, 452, 294, 506, 323, 332, 336, 34 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई थी। विवेचना के दौरान कई आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था, जबकि हेमा राठिया लगातार फरार चल रहा था। फरार आरोपी हेमा राठिया पिता रूपसिंह राठिया 35 कुर्रा अपने गांव आया था। पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

**तकनीकी सुधार के लिए सरपंच, सचिव और अन्य अधिकारियों को निर्देश**

# जिपं सीईओ ने बनसिया-ननसिया के बायोगैस प्लांट का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने तथा बायोगैस परियोजनाओं के प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत रायगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे ने आज ग्राम पंचायत बनसिया ननसिया में स्थापित बायोगैस प्लांट का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने प्लांट की वर्तमान कार्यशील स्थिति, गैस उत्पादन क्षमता, पाइपलाइन व्यवस्था एवं लाभार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का विस्तार से जायजा लिया तथा अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान सीईओ श्री पठारे ने ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच एवं रोजगार सहायक को निर्देशित किया कि बायोगैस प्लांट में आवश्यक तकनीकी एवं संरचनात्मक सुधार प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किए जाएं, ताकि प्लांट को पूरी तरह कार्यशील बनाकर ग्रामीणों को नियमित रूप से गैस की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ एवं सुलभ ईंधन उपलब्ध कराना है, इसलिए इसके संचालन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वर्तमान पाइपलाइन नेटवर्क का विस्तार कर अधिक से अधिक पात्र परिवारों तक गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने की कार्रवाई समयबद्ध ढंग से पूरी की जाए। इससे न केवल ग्रामीणों को स्वच्छ ईंधन मिलेगा, बल्कि पारंपरिक ईंधन पर निर्भरता कम होगी और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। सीईओ श्री पठारे ने बायोगैस प्लांट के नियमित संचालनए रख.रखाव एवं सतत मॉनिटरिंग पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी समय.समय पर निरीक्षण कर प्लांट की कार्यप्रणाली की समीक्षा करेंए ताकि किसी भी तकनीकी समस्या का त्वरित समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है और बायोगैस प्लांट ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़, उप संचालक पंचायत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तथा क्लस्टर कोऑर्डिनेटर भी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्यों को निर्धारित समय.सीमा में पूर्ण कराने तथा योजना का लाभ अधिक से अधिक ग्रामीण परिवारों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

## कबड्डी और कुश्ती प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए समिति गठित

**रायगढ़।** 41वें चक्रधर समारोह 2026 के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। समारोह के दौरान आयोजित होने वाली पारंपरिक एवं लोकप्रिय खेल प्रतियोगिताओं के सफल संचालनए सुव्यवस्थित प्रबंधन और बेहतर समन्वय के लिए कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष मयंक चतुर्वेदी ने कबड्डी एवं कुश्ती खेल आयोजनों के लिए अलग.अलग समितियों के गठन का आदेश जारी किया है। यह समिति कबड्डी एवं कुश्ती प्रतियोगिता के आयोजन, खिलाड़ियों की सुविधाए तकनीकी व्यवस्थाओं, प्रतियोगिता संचालन एवं अन्य आवश्यक पहलुओं पर अपने सुझाव प्रस्तुत करेगी। हालांकि आयोजन से जुड़े अंतिम निर्णय चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष द्वारा लिए जाएंगे। कबड्डी खेल आयोजन समिति में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की सहायक संचालक श्रीमती प्रतिमा सागर को नोडल अधिकारी बनाया गया है। समिति में राजपरिवार के प्रतिनिधि देवेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक कोषालय अधिकारी पुष्पेन्द्र चन्द्रा, अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी निर्णायक राजेश पटनायक, क्रीड़ा अधिकारी सौरभ प्रधान, व्यायाम शिक्षिका श्रीमती विनीता पाणि तथा सहायक पुलिस उप निरीक्षक राजेश पटेल को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। कुश्ती प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए गठित समिति की अध्यक्षता जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे करेंगे।

## खबर संक्षेप

### गौरवपूर्ण सेवा के बाद उप निरीक्षक हेतराम, आरक्षक निस्तोर हुए सेवानिवृत



**रायगढ़।** अनुकरणीय सेवाकाल से गौरवान्वित करने वाले उप निरीक्षक हेतराम सिदार एवं आरक्षक निस्तोर तिर्की आज विधिवत सेवानिवृत्त हुए। पुलिस कार्यालय रायगढ़ में आयोजित गरिमामय सेवा सम्मान समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी ने दोनों पुलिस अधिकारियों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया तथा उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के प्रति विभाग की ओर से आभार व्यक्त किया। समारोह में दोनों सेवानिवृत्त अधिकारियों के परिजन भी उपस्थित रहे जिससे कार्यक्रम भावनात्मक और आत्मीय वातावरण में हुआ।

### जनहानि के मामले में 4 लाख स्वीकृत

**जशपुरनगर।** अपर कलेक्टर जशपुर ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6 क्रं. 4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत की है। कांसाबेल तहसील अंतर्गत ग्राम बांसबहार निवासी स्व. संदीप साय पैकरा का भटकल कर्नाटक में मछली मारने के दौरान समुद्र में डूबने से 27 मार्च 2025 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वैध वारिस उनकी पत्नी सविता पैकरा हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जिले में अब तक 109.7 मिमी औसत वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 1 जून से 1 जुलाई 2026 तक 919.0 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 1 जुलाई तक सामान्य औसत वर्षा 1843.1 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 109.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा में तहसील जशपुर में 98.6 मिमी, मनोरा में 164.3 मिमी, कुनकुरी में 106.5 मिमी, दुलदुला में 55.7 मिमी, फरसाबहार में 48.6 मिमी, बगीचा में 67.1 मिमी, कांसाबेल में 76.0 मिमी, पत्थलगांव में 72.7 मिमी, सन्ना में 186.5 मिमी एवं बागबहार में 43.0 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा सन्ना तहसील में 186.5 मिमी दर्ज की गई है। 1 जुलाई को सर्वाधिक सन्ना तहसील में 38.6 मिमी वर्षा हुई।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** पकनी नाला के समीप बाइक सवार को अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए बाइक सवार की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार भैयाथान अंतर्गत ग्राम पकनी निवासी शिशुपाल सोमवार की सुबह पत्नी सूरजमनि को यह कहकर निकला कि वह परिचित चुन्नी लाल देवांगन को बाइक से चारपारा लेकर जा रहा है। इसी बीच शाम को राज कुमार ने फोन कर बताया कि शिशुपाल की पत्नी को बताया कि उसके पति को पकनी नाला के समीप एक्सीडेंट हो गया। सूचना पर पत्नी परिचित के साथ मौके पर पहुंची तो देखा पति नाला के समीप गंभीर हालत में पड़ा हुआ था। परिजन तत्काल उसे भैयाथान अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

### बहुचर्चित पंकज बेक हत्याकांड की दोबारा जांच के आदेश

**अम्बिकापुर।** सात साल पूर्व पुलिस कस्टडी में हुए बहुचर्चित पंकज बेक हत्याकांड में दोबारा होगी जांच। जिला न्यायालय के सप्तम अपर न्यायधीश ने एसपी सरगुजा को इस केश की फाइल दोबारा खोलने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि जांच टीम बनाकर दुबारा इस केश की निष्पक्ष जांच की जाए। यदि इसके बावजूद भी जांच में किसी प्रकार की कोई लापरवाही या कमी पाई जाती है तो केश को सीबीआई को सौंपने की बात न्यायधीश ने कही है। इस बहुचर्चित हत्याकांड में सप्तम अपर न्यायधीश ने दोबारा जांच के आदेश दिए जाने के बाद मामले में नया मोड़ आ गया।

## युवाओं को मिलेगी महानगरों के समान पढ़ाई की सुविधा

# सलिया टोली में सुविधायुक्त नालंदा परिसर का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में कुनकुरी के सलियाटोली में 4.37 करोड़ रुपए की लागत से 250 सीटर सर्व सुविधायुक्त नालंदा परिसर निर्माण का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

विगत वर्ष 21 जून 2025 को मुख्यमंत्री श्री साय ने कुनकुरी में भूमिपूजन किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश के युवाओं को शिक्षा की उन्नत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में नालंदा परिसर निर्माण की स्वीकृति दी गई है। जशपुर जिले में भी 2 स्थानों जशपुर जिला मुख्यालय और कुनकुरी के सलिया टोली में नालंदा परिसर का निर्माण किया जा रहा है। यहां के वृहद पुस्तकालय के साथ आधुनिक शिक्षण सुविधाएं एवं तकनीकी संसाधन प्राप्त होंगे। विद्यार्थियों की निर्बाध पढ़ाई के लिए यह 24 घंटे खुला रहेगा।



### उपलब्ध रहेगी 50 हजार से अधिक किताबें

परिसर को स्वायत्त मॉडल में विकसित करने के लिए स्व-वित्तीयन के लिए संचालन मॉडल को भी विकसित किया जाएगा। इस लाइब्रेरी में 50 हजार से अधिक किताबें, डिजिटल लाइब्रेरी, वाई-फाई जोन, प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें उपलब्ध रहेगी। लाइब्रेरी में आरएफ आईडी द्वारा प्रवेश, बायोमेट्रिक आईडी, आरएफ आईडी द्वारा किताबों की ट्रेकिंग, सॉफ्टवेयर द्वारा किताबों का व्यवस्थापन की व्यवस्था भी होगी।

### रहेगी 24 घंटे पढ़ाई की सुविधा

नालंदा परिसर में महानगरों के समान हफ्ते के सातों दिन पढ़ने की सुविधा प्रदान की जाएगी। यहां इंडोर एवं आउटडोर पढ़ने के लिए सुविधा होगी। प्रकृति के करीब होकर भी विद्यार्थी ऑक्सी रीडिंग जोन में पढ़ने का आनंद ले सकेंगे। इस परिसर को स्वायत्त मॉडल में विकसित किया जा रहा है। जहां पर्यावरण का ध्यान रखते हुए सौर ऊर्जा से कैंपस को रौशनी दी जाएगी। इसके लिए ईको फ्रेंडली डिजाइन का निर्माण किया गया है। जिसमें विद्युत की खपत कम होगी। यहां 50 से अधिक नेटिव पौधों की प्रजातियों का भी रोपण किया जाएगा। इस कैंपस में शारीरिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यूथ टावर, स्पोर्ट्स कोर्ट्स, कैफेटेरिया, एटीएम, हेल्थ जोन जैसी आवश्यक सुविधाओं का भी विकास किया जाएगा।

# बंद कमरे में मिली नवविवाहिता की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



- हत्या या आत्महत्या जांच का विषय

जिले के तपकरा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम घांसीमुण्डा (केरसई) में एक नवविवाहिता का शव बंद कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।

प्राप्त प्रारंभिक जानकारी के अनुसार नवविवाहिता का शव घर के कमरे के भीतर मिला। मृतका के मुंह से झाग निकलने की बात सामने आने के बाद मौत को लेकर कई तरह की आशंकाएं जताई जा रही हैं। पुलिस ने अभी किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से इनकार किया है। मामले की सूचना मिलते ही तपकरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। वहीं फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य जुटाए और घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।

### मौत का कारण पोस्टमॉर्टम के बाद ही होगा स्पष्ट

पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पूरे क्षेत्र में इस घटना को लेकर चर्चा का माहौल है। लोग जांच के नतीजों का इंतजार कर रहे हैं।

## मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**रायगढ़।** जिले में लगातार बदलते मौसम और वर्षा ऋतु को देखते हुए आमजन को मौसमी बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

सीएमएचओ डॉण अनिल कुमार जगत ने नागरिकों से मौसम परिवर्तन के दौरान विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मौसम और तापमान में बदलाव के कारण विभिन्न प्रकार के संक्रमण तेजी से फैलने की आशंका रहती है। विशेष रूप से वर्षा ऋतु में उल्टी.दस्त पीलिया, टायफाइड सहित अन्य जलजनित एवं खाद्य जनित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में यदि दैनिक जीवन में स्वच्छता और सुरक्षित खानपान की आदतों को अपनाया जाए तो इन बीमारियों से काफी हद तक बचाव संभव है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि पीने के पानी को उबालकर अथवा शुद्ध करके ही उपयोग करें। घर एवं आसपास साफ.सफाई बनाए रखें तथा गंदगीए कचरा और सड़े.गले पदार्थों का जमाव न होने दें। बाजार से खरीदे गए फलए सब्जियांए मांस और मछली को अच्छी तरह धोकर ही उपयोग करें। खुले में रखे खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें तथा हमेशा ताजा और गर्म भोजन करें। साथ ही शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विटामिन.सी युक्त फल एवं पौष्टिक आहार का नियमित सेवन करें। बरसात के मौसम में मच्छरों तथा जहरीले कीड़े.मकोड़ों के काटने की संभावना भी बढ़ जाती है। इससे बचाव के लिए रात में मच्छरदानी का उपयोग करेंए घरों में पानी जमा न होने दें तथा आवश्यकतानुसार कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव कराएं।

# सर्जनों ने रचा नया कीर्तिमान, महिला के बच्चेदानी से निकाला 5.5 किलो का ट्यूमर

**बिलाईगढ़।** नगर के एक निजी हॉस्पिटल ने एक बार फिर जटिल सर्जरी में बड़ी सफलता हासिल करते हुए क्षेत्रवासियों का विश्वास और मजबूत किया है। अस्पताल के विशेषज्ञ सर्जनों ने बलौदाबाजार जिले की निवासी अक्ति पटेल के बच्चेदानी यूटेरस से 5 किलो 500 ग्राम वजन का विशाल ट्यूमर सफलतापूर्वक निकालकर उनकी जान बचाई।



जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला लंबे समय से पेट के असामान्य रूप से बढ़ने, लगातार दर्द और अन्य शारीरिक परेशानियों से जूझ रही थीं। जांच में बच्चेदानी में अत्यधिक बड़ा ट्यूमर होने की पुष्टि हुई। इसके बाद दक्ष हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने जोखिमपूर्ण ऑपरेशन की योजना बनाई और सफल सर्जरी कर महिला को नया जीवन दिया। इस जटिल ऑपरेशन को डॉ. चांदनी चंद्राकर, डॉ. देवेश वर्मा एवं डॉ. विलास नालवाडे ने नर्सिंग एवं ऑपरेशन थिएटर ओटी स्टाफ के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न किया। ऑपरेशन के बाद महिला की हालत स्थिर बताई जा रही है और उनका स्वास्थ्य लगातार बेहतर हो रहा है।

## पीडीएस दुकानों का होगा विस्तार, अब राशन के साथ मिर्च, हल्दी, धनिया पाउडर एवं सोया बड़ी भी मिलेगी

**सरसीवा।** राज्य सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस को अधिक जनहितैषी और सुविधाजनक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल कर रही है। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत अब राशन कार्डधारकों को चावल, शक्कर और नमक के साथ मिर्च, हल्दी, धनिया पाउडर तथा सोया बड़ी जैसी दैनिक उपयोग की खाद्य सामग्री भी पीडीएस दुकानों के माध्यम से उपलब्ध कराए जाने की तैयारी की जा रही है।

सूत्रों के अनुसार इस योजना का उद्देश्य गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को आवश्यक खाद्य सामग्री एक ही स्थान पर रियायती दरों पर उपलब्ध कराना हैए जिससे उन्हें बाजार पर कम निर्भर रहना पड़े और घरेलू रसोई का खर्च भी कम हो सके। जानकारी के मुताबिक नान पीडीएस योजना के अंतर्गत मसालों की आपूर्ति के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लिमिटेड के सचिव द्वारा सभी जिला प्रबंधकों को मांग पत्र भेजा गया है। वर्ष 2022 में शासन से राशन दुकानों के माध्यम से इन उत्पादों के विक्रय की अनुमति मिलने के बाद रायपुर की एस्क्वायर फूड एंड बेवरेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ अनुबंध किया गया था। अनुबंध के तहत फर्म ने पीडीएस दुकानों में मिर्च पाउडरए हल्दी पाउडर और धनिया पाउडर की आपूर्ति का प्रस्ताव दिया है। मांग के अनुरूप सामग्री उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और इसके लिए उचित मूल्य दुकानों से मांग पत्र भी मंगाए गए हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार योजना को लागू करने से पहले आपूर्ति व्यवस्था, गुणवत्ता नियंत्रण तथा वितरण प्रणाली को अंतिम रूप दिया जाएगा।

# हितग्राही मूलक योजनाओं के संतृप्तिकरण के लिए हर गांव में लगेंगे विशेष शिविर

**रायगढ़।** जिले में विकास कार्यों तथा शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने बैठक ली। इस दौरान उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ग्रामीण विकास, जनसेवा, रोजगार, पेयजल, आधारभूत अधोसंरचना तथा विभिन्न विभागों की प्राथमिकता वाली योजनाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं परिणाममूलक कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की प्रत्येक योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी विभाग बेहतर समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा में पूरा करें।

- स्कूलों में शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश





कलेक्टर ने शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए विद्यालयवार शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार किया जाए ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिल सके। कलेक्टर ने सुघर छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत 31 हितग्राहीमूलक योजनाओं के शत प्रतिशत संतृप्तिकरण के लिए जिले के सभी ग्रामों में विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाए। इसके लिए पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पटवारी एवं अन्य मैदानी अमले की जिम्मेदारी तय कर प्रभावी समन्वय के साथ शिविर आयोजित किए जाएं, जिससे कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

# लोहे के पिंजरे वाले ट्रैक्टर चलाने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें सड़क सुरक्षा एवं सार्वजनिक संपत्तियों के संरक्षण को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

- कलेक्टर तत्काल रोक सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खेतों में उपयोग के लिए लगाए जाने वाले दोहरे लोहे के पिंजरे वाले ट्रैक्टरों का सामान्य सड़कों, सीमेंट सड़कों तथा राष्ट्रीय राजमार्गों पर संचालन तत्काल प्रभाव से रोका जाए। आयरन केज व्हील केवल कृषि कार्यों के लिए बनाए गए हैं। इनका सार्वजनिक सड़कों पर उपयोग मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत है। ऐसे ट्रैक्टरों के सड़क पर चलने से दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ती है तथा सड़कों को भी गंभीर क्षति पहुंचती है। इससे दुर्घटना की भी आशंका रहती है। बैठक में अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि जिले के कुछ क्षेत्रों में रबर टायरों के स्थान पर दोहरे लोहे के पिंजरे लगे ट्रैक्टरों का उपयोग सड़कों पर किया जा रहा है। इससे सड़कों की सतह तेजी से क्षतिग्रस्त हो रही है। साथ ही इस संबंध में उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत शपथ-पत्र का भी उल्लंघन हो रहा है।

### रबर का टायर लगाना अनिवार्य

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि खेतों में उपयोग के लिए लगाए गए लोहे के पिंजरे वाले पहियों को सार्वजनिक सड़क पर आने से पहले हटाकर रबर का टायर लगाना अनिवार्य है। बिना रबर टायर के ऐसे ट्रैक्टरों का किसी भी सार्वजनिक सड़क पर संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को किसानों एवं ट्रैक्टर संचालकों के बीच व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए ताकि उन्हें मोटर वाहन अधिनियम एवं सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी जा सके। उन्होंने कहा कि निर्देशों का उल्लंघन करने वाले ट्रैक्टर संचालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई के साथ अन्य वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी। जिला प्रशासन ने संबंधित विभागों को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर बिना रबर टायर के दोहरे लोहे के पिंजरे (आयरन केज व्हील) वाले ट्रैक्टरों के सार्वजनिक सड़कों पर संचालन पर प्रभावी रोक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## जशपुर में एफएसएसएआई अनुज्ञप्ति-पंजीयन शिविर

**जशपुरनगर।** खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा 30 जून को जिला पंचायत सभागार में एफएसएसएआई अनुज्ञप्ति-पंजीयन शिविर लगाया गया। इसमें किराना, होटल, ढाबा, डेयरी, फल-सब्जी विक्रेता, मेडिकल शॉप, मटन-चिकन दुकान, राइस मिल, कैटर्स व सड़क किनारे ठेला लगाने वाले कारोबारी शामिल हुए। शिविर में नई अनुज्ञप्ति, बदलाव व नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा रही। डेढ़ करोड़ तक कारोबार पर पंजीयन शुल्क 100 रुपए और डेढ़ से पचास करोड़ तक पर अनुज्ञप्ति शुल्क 5000 रुपए वार्षिक है। सड़क किनारे खाद्य विक्रेताओं को पांच वर्ष का पंजीयन निःशुल्क दिया जा रहा है। आवेदन https://foscos.fssai.gov.in पर भी किए जा सकते हैं। खाद्य सुरक्षा मित्र ने फॉर्म भरने, प्रिंट व स्कैन में मदद की।

### दुलदुला में ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन

# शिक्षा देश, समाज के विकास का आधार : शौर्य प्रताप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शिक्षा देश और समाज के विकास का आधार है। इसलिए हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम भावी पीढ़ी को अच्छी से अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराएं।

उक्त बातें जिला पंचायत जशपुर के उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव ने कही। वे दुलदुला में आयोजित विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आयोजन स्थल पर पहुंचे उपाध्यक्ष श्री जूदेव का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शौर्य प्रताप सिंह जूदेव ने छात्र-छात्राओं को किताब और साइकिलों का वितरण किया और कहा कि प्रदेश में शिक्षा की आधारभूत संरचना को मजबूत कर बच्चे व युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आदिवासी बाहुल्य जशपुर जिले में मेडिकल कालेज खोल कर,जिलेवासियों के बरसों पुराने सपने का पूरा किया है। उन्होनें कहा कि सरकार जशपुर के युवाओं को नीट, ट्रिपल ई जैसे प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए जिले में उच्च स्तरीय कोचिंग उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राओं से अध्ययन-अध्यापन को गंभीरता से लेते हुए नीट, जेईई में सफलता प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाने की अपील की। इनकी रही उपस्थिति प्रवेश उत्सव में जनपद पंचायत दुलदुला के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी व स्थानीय रहवासी शामिल थे।



## जशपुर, पत्थलगांव में एआई शिक्षण प्रशिक्षण प्रारंभ


**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में केंद्रीय विद्यालय जशपुर और पीएम श्री सेजेस पत्थलगांव में ई-शिक्षा पर आधारित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार से प्रारंभ हुआ। दोनों विद्यालयों में यह प्रशिक्षण आगामी 6 दिनों तक चलेगा। इस कार्यक्रम से कक्षा नवमीं से 12 वीं तक के लगभग 2000 विद्यार्थी लाभान्वित होंगे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देना है। तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने और अध्ययन में इसके उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के द्वारा पीएम श्री, केंद्रीय, नवोदय, स्वामी आत्मानंद, कस्तूरबा गांधी और आईसीटी लैब युक्त विद्यालयों में एआई शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराया जा रहा है।



### कार्यशाला में सैद्धांतिक प्रयोगिक सत्र शामिल

पहले दिन विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मूल अवधारणा और कार्यप्रणाली के साथ बताया कि एआई क्या है और किस प्रकार कार्य करता है। कार्यशाला में एआई टूल्स के सैद्धांतिक और प्रयोगिक सत्र शामिल रहे। प्रशिक्षकों ने बताया कि एआई भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है और यह तकनीक हेल्थकेयर, शिक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से उपयोगी हो रही है। कार्यशाला में विद्यार्थियों को यह भी सिखाया गया कि एआई टूल्स के लिए प्रॉम्प्ट कैसे देने है, उदाहरणों के साथ इसे समझाया। प्रशिक्षण की शुरुआत एक मजेदार एनर्जाइज़र एक्टिविटी से हुई, इसके बाद प्रशिक्षकों द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का विस्तृत परिचय दिया गया, जिसमें इसके बेसिक्स, महत्व और दैनिक जीवन में इसके रियल-लाइफ एप्लीकेशंस पर चर्चा की गई। साथ ही, एआई की हिस्ट्री और इसके इवोल्यूशन को बताया गया। सत्र में आधुनिक एआई टूल्स का लाइव डेमोंस्ट्रेशन रहा, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को गूगल लेंस, गूगल ट्रांसलेट, चैट जीपीटी और जैमिनी जैसे टूल्स का लाइव डेमो देकर उनके प्रैक्टिकल उपयोग सिखाया गया।



## इक्का का ट्रेलर रिलीज, सनी की दहाड़ से गूंजा कोर्ट रूम, अक्षय ने उड़ाए होश

**मुंबई।** फाइनली सनी देओल और अक्षय खन्ना की मच अवेटेड फिल्म 'इक्का' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में जबरदस्त सस्पेंस और ट्विस्ट होंगे, जिनकी झलक ट्रेलर में देखने को मिली है। अक्षय खन्ना का लुक और अंदाज एकदम 'धुरंधर' के रहमान डकैत की याद दिला रहा है, पर उनके किरदार में कई लेयर्स हैं। 'इक्का' से सनी देओल ओटीटी पर डेब्यू कर रहे हैं और इसमें वकील अर्जुन मेहरा का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म 'इक्का' के ट्रेलर की शुरुआत कोर्ट रूम सीन से होती है, जहां सनी देओल पूछते हैं- आप कोर्ट को बताएंगे कि उस रात क्या हुआ था? फिर अक्षय खन्ना की एंट्री होती है, जो मशहूर इंडस्ट्रियलिस्ट हर्षवर्धन गौर के बेटे शौर्यमान के किरदार में हैं। उन पर एक लड़की की हत्या की कोशिश का आरोप लगता है।

लाइफ Style



# निहारिका

## प्रियंका समेत कई सेलेब्स संग आई नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेता राघव जुयाल ने निहारिका एनएम के साथ कुछ रोमांटिक तस्वीरें साझा कीं, इसके बाद से ही इनके लिंकअप की अफवाहें उड़ने लगीं। लेकिन, अब इन अफवाहों पर विराम भी लग चुका है। दोनों के बीच कोई अफेयर नहीं है।

यह एक फिल्म 'भाई तेरा स्टार है'में साथ नजर आएंगे। इसके लिए ही रोमांटिक तस्वीरों को साझा किया था। लेकिन, इस चर्चा के बीच फैंस जानना चाहते हैं कि निहारिका एनएम कौन हैं? निहारिका एनएम एक कंटेंट क्रिएटर हैं। इंस्टाग्राम पर उनके लगभग 3 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं। वहीं, बाकी प्लेटफॉर्म भी इतने ही लोग उन्हें फॉलो करते हैं। वह सोशल मीडिया पर फिल्मी और फनी किस्म के वीडियो बनाती हैं। अपनी जबरदस्त सोशल मीडिया फॉलोइंग की वजह से वह बॉलीवुड स्टार्स के साथ भी नजर आ चुकी हैं। आमिर खान, प्रियंका चोपड़ा, रणबीर कपूर, महेश बाबू, यश, शुभमन गिल जैसे कई सेलेब्स उनके साथ वीडियो में नजर आ चुके हैं, अपनी फिल्मों का प्रचार कर चुके हैं। साथ ही वह हॉलीवुड स्टार्स के इंटरव्यू भी कर चुकी हैं। इसमें टॉम क्रूज से लेकर जॉन लीजेंड जैसे एक्टर्स भी शामिल हैं। जल्द ही निहारिका एनएम राघव जुयाल के साथ फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' में नजर आएंगी। लेकिन इससे पहले ही वह साउथ सिनेमा में डेब्यू कर चुकी हैं। पिछले साल एक फिल्म 'मित्र मंडली' में वह नजर आईं। इसमें उनका लीड रोल था।निहारिका ने अपने नाम कई अवॉर्ड्स भी किए, जो उन्हें कंटेंट क्रिएशन के लिए मिले हैं।

हॉलीवुड मसाला



## एवरेस्ट विजेता नोर्गे पर बनेगी फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** माउंट एवरेस्ट पर पहली बार फतह हासिल करने वाले महान पर्वतारोही तेनजिंग नोर्गे की जिंदगी पर एक फिल्म बनने जा रही है, जिसका नाम 'तेनजिंग' होगा। इस बायोपिक ड्रामा फिल्म में टॉम हिडलस्टन और गेंडन फुंट्सोक मुख्य भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म को को एप्पल टीवी द्वारा तैयार किया जा रहा है। इस फिल्म का निर्देशन ऑस्ट्रेलियाई फिल्म निर्माता जेनिफर पीडम करेंगे। फिल्म का लेखक ल्यूक डेविस करेंगे। यह फिल्म 29 मई 1953 की उस ऐतिहासिक घटना पर आधारित है, जब शेरपा तेनजिंग नोर्गे और न्यूजीलैंड के एडमंड हिलेरी ने पहली बार माउंट एवरेस्ट की चोटी पर कदम रखा था।



## यौन उत्पीड़न के आरोपों से बरी हुए ओ योंग-सु

**लॉस एंजिल्स।** वेब सीरीज 'स्क्विड गेम' में ओल्ड मैन और प्लेयर नंबर 001 का किरदार निभाने वाले अभिनेता ओ योंग-सु पर साल 2022 में यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे। इस मामले पर दक्षिण कोरिया की सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने अभिनेता पर चल रहे मुकदमे का तीन साल बाद अंत कर दिया गया। कोर्ट ने निचली अदालत में ओ योंग-सु को बरी करने के फैसले को सही ठहराया है। 82 वर्षीय एक्टर पर 2017 में एक महिला द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। महिला की शिकायत के अनुसार एक्टर ओ योंग-सु ने एक रीजनल थिएटर टूर के दौरान बिना उनकी इजाजत लिए उन्हें गले लगाया। महिला का कहना था कि एक्टर यहीं नहीं रुके और उन्होंने महिला के गाल पर किस भी किया था।



## फिल्म रिफ्यूजी की मनाई 26वीं सालगिरह

**मुंबई।** करीना कपूर ने मंगलवार को अपनी पहली फिल्म 'रिफ्यूजी' के 26 साल पूरे होना का जश्न मनाया। इस खुशी में करीना ने सोशल मीडिया पर अपने सह-कलाकार अभिषेक बच्चन के साथ कई तस्वीरें भी साझा की हैं। पुरानी यादों को ताजा करते हए करीना ने फिल्म 'रिफ्यूजी' से जुड़ी तीन तस्वीरें इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की हैं। पहली तस्वीर में वह अपने हीरो अभिषेक बच्चन के साथ गले मिलती नजर आ रही हैं। दूसरी तस्वीर में उनका एक क्लोज-अप शॉट है, जिसमें उन्होंने भूरे रंग की शॉल ओढ़ी हुई है। इसके अलावा तीसरी तस्वीर में करीना एक काले रंग के बुर्के में नजर आ रही हैं। करीना ने इन तस्वीरों के साथ कोई लंबा मैसेज नहीं लिखा, बल्कि सिर्फ एक लाल दिल वाला इमोजी बनाकर अपना प्यार जताया है। फिल्म 'रिफ्यूजी' 30 जून 2000 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



## एलवीसी63 में कई तरह के लुक्स में दिखेंगे

**मुंबई।** फिल्म 'एसवीसी63' में मशहूर मेकअप और प्रोस्थेटिक डिजाइनर प्रीतिशील सिंह को सलमान खान के लिए एक खास लुक तैयार करने के लिए चुना गया है। यह फिल्म वामसी पैदिपल्ली के निर्देशन और दिल राजू के प्रोडक्शन में बन रही है। दिल राजू ने बताया कि सलमान फिल्म की शूटिंग का भरपूर आनंद ले रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म में सुपरस्टार कई तरह के लुक्स में नजर आएंगे। उन्होंने कहा, 'सलमान सेट पर खूब मजा कर रहे हैं, उनके कई अलग-अलग लुक्स होंगे। फिल्म में भरपूर हीरोइज्म और 'वाउ फैक्टर' होगा।' 'धुरंधर' फिल्म के एक्शन स्टार इस फिल्म में भी काम कर रहे हैं। कोरियन एक्शन टीम को 'मिस्टर ओह' के नाम से मशहूर सी यंग ओह लीड कर रहे हैं। उन्होंने 'धुरंधर' और 'किल एंड वॉर' जैसी फिल्मों पर काम किया है।

टीवी मसाला





## अब होगा हिसाब सीजन 2 का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** 'अब होगा हिसाब' सीरीज की जबरदस्त सफलता के बाद मेकर्स ने अब इसका दूसरा सीजन अनाउंस कर दिया है। साथ ही दूसरे सीजन का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। 18 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर रिलीज हुई 'अब होगा हिसाब' ने दर्शकों के बीच अपनी दमदार कहानी और बेहतरीन परफॉर्मेंस के कारण खास जगह बनाई। दर्शकों के जबरदस्त प्यार को देखते हुए अब इस सीरीज के दूसरा सीजन का ऐलान कर दिया गया है। 'अब होगा हिसाब' का दूसरा सीजन 3 जुलाई को प्रीमियर किया जाएगा। संजय कपूर और शहीर शेख के अलावा 'अब होगा हिसाब सीजन 2' में मौनी रॉय, अविनाश मिश्रा, निमृत कौर अहलूवालिया, हरमन सिंघा और आशीमा वर्धान जैसे शानदार कलाकार हैं। 'अब होगा हिसाब 2' की कहानी की गहराई, बढ़ता हुआ रोमांच और कई ऐसे चौंकाने वाले मोड़ देखने को मिलेंगे, जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखेंगे। 'अब होगा हिसाब' के दूसरे सीजन का ट्रेलर वहीं से शुरू होता है, जहां पहला सीजन खत्म हुआ था। शहीर शेख द्वारा निभाया गया बॉबी का किरदार अब सिर्फ एक ही मकसद में लगा हुआ है, अपने भाई बंटी को ढूंढना और सच्चाई सामने लाना। इसके लिए वह किसी भी हद तक जाने को तैयार है। उसकी तलाश उसे संजय कपूर द्वारा निभाए गए गोल्डी के किककी दुनिया तक ले जाती है, जो सबसे प्रभावशाली और सतर्क लोगों में से एक है। लेकिन गोल्डी तक पहुंचना इतना आसान नहीं है।

### माइकल की बायोपिक ओटीटी पर रिलीज

**मुंबई।** थिएटर में जबरदस्त कामयाबी के बाद, माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' अब ओटीटी पर आ गई है। यह इस साल की सबसे बड़ी ग्लोबल हिट फिल्मों में से एक रही। अगर आपने यह फिल्म नहीं देखी है, तो आसानी से घर बैठकर देख सकते हैं। इस बायोपिक से आपको माइकल जैक्सन की जिंदगी को और करीब से जानने का मौका मिलेगा। 'माइकल' को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। यह इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होना शुरू हो गई है। इंग्लिश के अलावा हिंदी में भी देख सकते हैं।



इस फिल्म में माइकल जैक्सन का किरदार उनके भतीजे जाफर ने निभाया है। लुक्स और हाव-भाव में वह बिल्कुल चाचा माइकल जैक्सन जैसे लगते हैं। 'माइकल' की कमाई की बात करें , तो यह दुनियाभर में अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बायोपिक बन गई है। इसने दुनिया भर में \$977 मिलियन की कमाई यानी ₹9,050.23 करोड़ कमाए हैं।

## उन्हें इसमें दिलचस्पी थी कि गाएगी- नाचेगी

### बारिश में भीगेगी, अपनी बोल्ड इमेज पर जीनत ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली।** जीनत अमान ने अपनी बोल्ड इमेज पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि फिल्ममेकर्स उनके क्रिएटिव इनपुट के बजाय उनके लुक्स में ज्यादा दिलचस्पी रखते थे। जीनत ने अपने यूट्यूब चैनल पर शुभ्रा अयप्पा के साथ एक इंटरव्यू में कहा, 'मुझे हमेशा लगा कि मेरे बारे में जो दिखाया जाता था और मैं असल में जैसी थी, उन दोनों में बहुत फर्क था। बोल्ड अभिनेत्री का ठप्पा मुझ पर बहुत लंबे समय तक लगा रहा। जब लोग मुझसे मिलते थे, तो उन्हें एहसास होता था कि मैं असल में उन किरदारों जैसी बिल्कुल नहीं थी जिन्हें मैंने निभाया था।

*ग्लोबल ट्रेंड्स ने स्टाइल पर असर डाला :* जीनत ने अपने फैशन सेंस और इस बारे में भी बात की कि कैसे अमेरिका से भारत लौटने के बाद ग्लोबल ट्रेंड्स ने उनके स्टाइल पर असर डाला। उन्होंने कहा कि कॉस्ट्यूम डिजाइन का काम अक्सर भानु अथैया जैसे मशहूर डिजाइनरों के साथ मिलकर किया जाता था। हालांकि, उन्होंने बताया कि अक्सर उनके अपने सुझाव फिल्ममेकर्स की चाहत के मुकाबले ज्यादा संयमित होते थे। जीनत अमान ने इंडस्ट्री में असमान वेतन के मुद्दे पर भी बात की और कहा कि इस अंतर की वजह पितृसत्तात्मक व्यवस्था में छिपी है।





### लीड एक्ट्रेस थी, पर मेरी नहीं चलती थी

जीनत अमान ने दौर में इंडस्ट्री में काम करने के बारे में बात करते हुए बताया कि सेट पर ज्यादातर पुरुषों का ही बोलबाला होता था। अपने हेयरड्रेसर के अलावा, अक्सर वही एकमात्र महिला होती थीं। लीड एक्ट्रेस होने के बावजूद उन्होंने कहा कि अपने किरदारों को गढ़ने या उन्हें दिखाने के तरीके में उनकी बहुत कम चलती थी, क्योंकि ध्यान ज्यादातर उनके लुक पर ही रहता था। जीनत अमान के मुताबिक, किसी को भी मेरे दिमागी काम में कोई दिलचस्पी नहीं थी। उन्हें तो बस इसमें दिलचस्पी थी कि ये गाएगी,, नाचेगी, दो डायलॉग बोलेगी, बारिश में भीगेगी।

## खुशी से झूमीं कंगना पूरी की क्वीन-2 की शूटिंग



मुंबई। कंगना रनौत अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा नहीं कर सकी। इस बीच उनकी अपकमिंग फिल्म 'क्वीन 2' को लेकर नई अपडेट आई है। खबर है कि कंगना ने अपनी मशहूर फिल्म 'क्वीन' के बहुप्रतीक्षित सीक्वल 'क्वीन 2' की शूटिंग पूरी कर ली है। एक्टर-फिल्ममेकर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर यह जानकारी दी। उन्होंने कास्ट और क्रू के साथ शूटिंग खत्म होने का जश्न मनाते हुए एक फोटो शेयर की। फोटो में रनौत को फिल्म की टीम के साथ देखा गया। शूटिंग पूरी होने के साथ ही, यह प्रोजेक्ट अब पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में है। 'क्वीन 2' में कंगना रनौत के मशहूर किरदार 'रानी' की वापसी हो रही है। दर्शकों ने फिल्म 'क्वीन' को काफी प्यार दिया था। 2014 में रिलीज हुई ओरिजिनल 'क्वीन' का निर्देशन विकास बहल ने किया था और इसे समीक्षकों से खूब तारीफ मिली थी। फिल्म में कंगना रनौत ने रानी मेहरा का किरदार निभाया था। रानी दिल्ली की एक ऐसी लड़की थी, जिसे हमेशा घर की चारदीवारी में रखा गया था। जब उसका मंगेतर (राजकुमार राव) शादी तोड़ देता है, तो वह अकेले ही हनीमून पर निकल पड़ती है। यूरोप की अपनी यात्रा के दौरान, रानी का आत्मविश्वास बढ़ता है, वह आजादी को अपनाती है।

### किशोर कुमार ने लगाई थी गजब ट्रिक, आज भी है हिट

# 54 साल पुराना गीत, जिसे खाली चाय के कप के साथ किया रिकॉर्ड

***नई दिल्ली।*** *किशोर कुमार भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री के एक ऐसे कोहिनूर रहे, जिसकी चमक कभी फीकी नहीं पड़ेगी। वह सुरों के ऐसे बादशाह रहे, जिन्होंने तरानों में योडलिंग को एक रूप में पेश किया और महारात हासिल की। उन्होंने हजारों सुपरहिट गाने दिए और अपनी जादुई आवाज से कई एक्टर्स को सुपरस्टार बनाया। किशोर कुमार का गाना गाने और रिकॉर्ड करने का स्टाइल भी एकदम अलहदा था। उनका मानना था कि गाने सिर्फ गाए नहीं जाते, बल्कि उन्हें जीया जाता है। तभी तो कभी वह किसी गाने को खाली चाय के कप के साथ गाते, तो किसी गाने को नाक के पास माचिस की डिब्बी रखकर। लेकिन यहां 'संडे सिनेमा' में आपको एक ऐसे गाने के बारे में बता रहे हैं, जिसे किशोर कुमार ने ठोड़ी पर दोनों हाथ रखे और सामने चाय का खाली कप रखकर गाया था। गाना इतना ब्लॉकबस्टर बना कि 54 साल बाद भी यह कानों में मिश्री घोल देता है और खूब हिट है। बात साल 1972 की है। तब बासु चटर्जी 'पिया का घर' नाम से एक फिल्म बना रहे थे। इस फिल्म का म्यूजिक लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने दिया था और आनंद बख्शी ने गानों के लिरिक्स लिखे थे। वैसे तो किशोर कुमार को इस फिल्म में दो गाने गाने थे। ये गाने थे- ये जीवन है, इस जीवन का, और दूसरा था-बंबई शहर की चल तुझको सैर करा दूं।*

### 'ये जीवन है, इस जीवन का' गाने की रिकॉर्डिंग

अब किशोर कुमार ने 'बंबई शहर की...' गाना तो आसानी से गाकर रिकॉर्ड कर दिया, पर जब 'ये जीवन है' गाने की बात आई, तो मामला पेचीदा हो गया। वो इसलिए क्योंकि किशोर कुमार ने यह गाना जितनी बार भी और जिस भी तरह से गाया, वह लक्ष्मीकांत को पसंद नहीं आया। उन्हें इस गाने के लिए जो फील चाहिए था, वो आ ही नहीं रहा था।

### बार-बार करते रहे रिहर्सल पर नहीं बनी बात

ऐसे में लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने किशोर दा के साथ एक बार फिर बैठकर गाने की सिचुएशन को ठीक से समझने की कोशिश की। किशोर कुमार ने फिर तीन से चार बार गाने की रिहर्सल की, पर वो बात नहीं आई। किशोर दा कोशिश करते रहे, पर नाकामी मिलती रही। फिर थक-हारकर किशोर कुमार बैठ गए और एक कप चाय मंगवाई।



### गानों में लाए थे योडलिंग, क्या है ये?

योडलिंग एक तरह का सिंगिंग स्टाइल होता है, जिसमें सिंगर अपनी नॉर्मल आवाज यानी चेस्ट वॉइस और बहुत पतली या ऊंची आवाज के बीच बार-बार और तेजी से बदलाव करते हुए गाता है। किशोर कुमार ने धीरे-धीरे अपने कई गानों में योडलिंग करनी शुरू कर दी। ये गाने हैं, 'ये दिल ना होता बेचारा', 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' और 'चला जाता हूं।'

### दाएं गाल पर दाहिना हाथ टिका पीने लगे चाय, तभी हुआ जादू

किशोर दा के साथ लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल भी चाय पीने बैठ गए और तभी जादू हो गया। किशोर कुमार ने अपने दाएं गाल पर दाहिना हाथ टिकाया और चाय पीते हुए धीरे-धीरे 'ये जीवन है' गाना गुनगुनाने लगे। वो अपनी धुन में मस्त होकर गुनगुना रहे थे, पर तभी लक्ष्मीकांत खुशी से चिल्लाए कि बस बिल्कुल ऐसे ही, ऐसे ही गाना है। यही अंदाज चाहिए था। किशोर दा हैरानी से देखने लगे, पर उन्होंने गाना एक पल के लिए भी बंद नहीं किया। इसके बाद किशोर कुमार ने चाय की टेबल पर ही बैठे हुए, एक हाथ गाल पर रखे-रखे गाना पूरा किया और उसी चाय के कप के साथ सीधे रिकॉर्डिंग रूम में चले गए। हालांकि, तब तक चाय खत्म हो चुकी थी, लेकिन उन्होंने फ्लो बनाए रखने के लिए खाली कप हाथ में पकड़े रखा। वह रिकॉर्डिंग रूम के अंदर गए। लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल के मेत पूरी म्यूजिक और रिकॉर्डिंग टीम फाइनल रिकॉर्डिंग के लिए तैयार हो गई। फिर किशोर कुमार ने कमाल कर दिया। जैसा सोचा था वैसा गाया और गाना जबरदस्त रिकॉर्ड हुआ।

## खबर संक्षेप

### बिजली को शीघ्र सुधारने विभाग करता है पहल

**कोसीर।** आंधी-तूफान हो, बारिश हो या फिर तेज गर्मी किसी भी परिस्थिति में बिजली विभाग बाधित बिजली को समय पर सुधार की पहल करता है। बिजली व्यवस्था सुव्यवथित रखने हर हाल में कोशिश करते है । ये उदाहरण 28 जून की शाम तेज हवा से लेंध्रा गांव में पेड़ गिरने से पूरी लाइट व्यवस्था ठप हो गई थी। 33 केव्ही और 11 केव्ही लाइन बाधित हो गया था जिसे सूचना मिलते ही बिजली अधिकारी सचिन केरेकेटा कनिष्ठ अधिकारी राहूल सिंह के निर्देशानुसार सहायक लाइन मेन अनिल मनहर के टीम लेन्धरा पहुंच कर संज्ञान लेते हुए देर रात तक डटे रहे और बिजली सुधार कर ही राहत ली। इस तरह बिजली विभाग ने काफी मेहनत कर सुधार किया और लोगों ने को राहत मिली।

### 1076 से राहत, राजेश को मिला राशन कार्ड

**रायगढ़।** ग्राम नवागांव निवासी राजेश कुमार पटेल की शिकायत का त्वरित निराकरण करते हुए उन्हें नया राशन कार्ड जारी कर उसकी प्रति उपलब्ध करा दी गई है। जनपद पंचायत खरसिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नवागांव निवासी राजेश कुमार पटेल ने नया राशन कार्ड बनवाने के लिए कई बार प्रयास किया था, लेकिन आवश्यक प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाने के कारण उन्हें राशन कार्ड प्राप्त नहीं हो सका था। इसके चलते उन्हें सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं अन्य शासकीय योजनाओं के लाभ लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अपनी समस्या के समाधान के लिए उन्होंने 12 जून को 1076 के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान शिकायतकर्ता की पात्रता का परीक्षण किया गया, जिसमें वे राशन कार्ड के लिए पात्र पाए गए। इसके बाद नियमानुसार उनका नया राशन कार्ड जारी कर उसकी प्रति उन्हें उपलब्ध करा दी गई।

### एकलव्य आदर्श विद्यालय में 3 जुलाई को इंटरव्यू

**रायगढ़।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छर्राटांगर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए संविदा आधार पर रिक्त पदों की भर्ती हेतु 3 जुलाई को सुबह 8 बजे से विद्यालय परिसर में वॉक इन इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह संविदा आधार पर होगी और चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति नियमित शिक्षकों की नियुक्ति होने तक की जाएगी। रिक्त पदों में पीजीटी राजनीति विज्ञान, पीजीटी इतिहास, पीजीटी अर्थशास्त्र और काउंसलर के एक एक पद शामिल हैं।

### जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि ने की निर्माण कार्यों की घोषणा

**रायगढ़।** जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रविन्द्र गबेल ने क्षेत्र के विकास और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक बड़ी घोषणा की है। उनके प्रयासों से क्षेत्र में तीन महत्वपूर्ण स्टापडेम सह कॉजवे के निर्माण कार्यों को स्वीकृति मिली है। इन तीनों विकास कार्यों की कुल लागत लगभग 5.79 करोड़ रुपये है। घोषित किए गए प्रमुख निर्माण कार्य, बैसपाली स्टापडेम सह कॉजवे निर्माण लागत 1.9 करोड़, भंरापाली स्टापडेम सह कॉजवे निर्माण लागत 1.9 करोड़, बायंग स्टापडेम सह कॉजवे निर्माण लागत 1.99 करोड़, जनता में हर्ष की लहर।

न्यायालय कलेक्टर
सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)
क्रमांक / 664 / रीडर/कले. / 2026
सारंगढ़, दिनांक 25/06/2026

प्रति,
श्री मुरली पाव पिता दुखु पाव निवासी ग्राम जलगढ़, तहसील सरिया, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

विषय :- प्रकरण की सुनवाई में उपस्थित होने बाबत। पेशी दिनांक 14.07.2026

आपको पेपर प्रकाशन जरिए सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के द्वितीय अपील प्रकरण क्रमांक/अ-6/2024-25 पक्षकार खगेश्वर रात्रे बनाम मुरली वगै., साकिन बिलाईगढ़ 'स', तहसील सरिया में आगामी पेशी दिनांक 14.07.2026 को नियत की गई है। उक्त तिथि को उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर दी जावेगी। जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होगें।

(कलेक्टर महोदय के आदेशानुसार)
डिप्टी कलेक्टर
हेतु कलेक्टर,
सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

आदर्श पनिका समाज एवं युवा पनिका समाज बरमकेला के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन

# कबीर जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा सामाजिक समरसता का दिखा संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

संत शिरोमणि कबीरदास की जयंती के पावन अवसर पर बरमकेला ब्लॉक मुख्यालय में पहली बार आदर्श पनिका समाज एवं युवा पनिका समाज बरमकेला के संयुक्त तत्वावधान में विशाल एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में क्षेत्रभर से सैकड़ों की संख्या में समाजजनों, श्रद्धालुओं, मातृशक्ति, युवाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे नगर में भक्ति, श्रद्धा और सामाजिक समरसता का अद्भुत वातावरण देखने को मिला।

नगर के प्रमुख मार्ग कबीर साहेब के जयघोष, भजन कीर्तन और श्रद्धालुओं की अपार भीड़ से गुंजायमान रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महंत पारा स्थित कबीर मंदिर में संत कबीरदास की प्रतिमा एवं चित्र के समक्ष विधिवत पूजा अर्चना, दीप प्रज्ज्वलन एवं आरती के साथ हुआ। इसके पश्चात संत कबीरदास के सुसज्जित चित्र को आकर्षक वाहन में विराजमान कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सबसे आगे महिलाएं एवं युवतियां सिर पर कलश धारण कर पारंपरिक वेशभूषा में चल रही थीं। उनके पीछे हाथों में धार्मिक ध्वज लिए युवा कबीर साहेब के जयघोष लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों की धुन पर श्रद्धालु नाचते गाते हुए पूरे उत्साह के साथ शोभायात्रा में शामिल रहे। शोभायात्रा महंत पारा स्थित कबीर मंदिर से प्रारंभ होकर जनपद चौक, इंदिरा चौक, अटल चौक, पुराना बस स्टैंड, सुभाष चौक, डॉ. शक्राजीत नायक चौक सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अघरिया सदन पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। यात्रा के दौरान नगरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं का स्वागत किया तथा कई स्थानों पर पुष्पवर्षा भी की गई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस अवसर पर आयोजित मुख्य समारोह में सारंगढ़ विधायक श्रीमती उत्तरी जांगड़े मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय नायक, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यभामा मनोहर नायक, नगर पंचायत उपाध्यक्ष राजू नायक, जिला पंचायत सदस्य सहोद्रा सिदार, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर पटेल, पार्षद श्रीमती उर्मिला सिदार तथा पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ताराचंद पटेल उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संत कबीरदास जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा उनके बताए मानवता, समानता, प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव के संदेश को आत्मसात करने का आह्वान किया।


शोभायात्रा में शामिल सामाजिक बंधु।



## गरीबों का रोजगार छीनकर अड़बंधा तालाब में बना रहे कॉम्प्लेक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

नगर पंचायत भटगांव द्वारा अड़बंधा तालाब के समीप डॉ. भीमराव अंबेडकर परिसर के अंतर्गत बनाए जा रहे व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स को लेकर स्थानीय नागरिकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि जहां वर्षों से गरीब एवं छोटे दुकानदार तालाब किनारे अस्थायी दुकानें लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे, वहीं अब उन्हें हटाकर कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जा रहा है। इससे अनेक गरीब परिवारों का रोजगार प्रभावित हो गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जल संसाधन विभाग द्वारा वर्ष 2023 में खसरा नंबर 2052 की भूमि पर अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया थाए जबकि वर्तमान निर्माण कार्य खसरा नंबर 2052/2 पर किए जाने का आरोप है। साथ ही नागरिकों का दावा है कि जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने स्थल का समुचित निरीक्षण किए बिना ही अनापत्ति प्रदान कर दी। दस्तावेजों के अनुसार अनापत्ति प्रमाण पत्र में स्पष्ट शर्त थी कि निर्माण कार्य से अड़बंधा तालाब की मूल संरचना, जलग्रहण क्षेत्र, जल निकासी मार्ग एवं सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित नहीं होनी चाहिए। लेकिन स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान इन शर्तों की अनदेखी की जा रही है, जिससे तालाब के अस्तित्व और पर्यावरणीय संतुलन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि निर्धारित शर्तों का उल्लंघन हुआ है तो संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र की वैधता की जांच की जानी चाहिए तथा नियमों के विपरीत निर्माण पाए जाने पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जानी चाहिए। नागरिकों ने जिला प्रशासन, जल संसाधन विभाग एवं नगरीय प्रशासन विभाग से संयुक्त जांच कर निर्माण कार्य की वैधानिकता की जांच करानेए नियमों का पालन सुनिश्चित करने तथा अनियमितता मिलने पर निर्माण कार्य पर रोक लगाकर जिम्मेदार अधिकारियों एवं संबंधित पक्षों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

## मनरेगा में 20 वर्ष से अधिक समय बाद हुआ सुधार: वित्त मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वित्त मंत्री ओपी. चौधरी ने मनरेगा योजना के संदर्भ में राजधानी में मीडिया को दिए बयान में कहा कि जब वे भारतीय प्रशासनिक सेवा में आए थे, उसी दौर में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम लागू हुआ था। आज 20 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद कोई भी योजना अपने मूल स्वरूप में उतनी प्रासंगिक नहीं रह जाती। समय के साथ समाज, अर्थव्यवस्था और देश की आवश्यकताएं बदलती हैं, इसलिए योजना के स्वरूप में आवश्यक बदलाव करना अत्यंत जरूरी हो जाता है। श्री चौधरी ने कहा कि इसी सोच के साथ केंद्र सरकार ने मनरेगा को और अधिक जनोपयोगी, पारदर्शी एवं विकास-परख बनाने के लिए व्यापक रिफॉर्म्स किए हैं। अब यह योजना केवल 'रोजगार गारंटी' तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने वाले उत्पादक परिसंपत्तियों के निर्माण का सशक्त माध्यम बनेगी। वित्त मंत्री ने बताया कि इन सुधारों के साथ केंद्र सरकार ने विकसित भारत – गरीब, रोजगार, आत्मनिर्भर, मजबूत ग्राम' वीबीजीरामजी की परिकल्पना को जोड़ा है। राज्य में तकनीक आधारित निगरानी, जियो-टैगिंग, समयबद्ध मजदूरी भुगतान और सामाजिक अंकेक्षण को और मजबूत किया गया है, ताकि योजना में पहले की विसंगतियों को समाप्त किया जा सके।



## डॉक्टर डे पर सरिया में डॉक्टरों का सम्मान

**सरिया।** राष्ट्रीय डॉक्टर डे के अवसर पर रक्तबीर परिवार सरिया के द्वारा डॉक्टरों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरिया में पदस्थ चिकित्सकों ने अपने संबोधन में कहा कि डॉक्टर हर संभव मरीजों की सेवा में अपना जीवन लगा देता है। आज हमें बहुत खुशी है कि हमें अपनी सेवा का सम्मान मिला। डॉक्टरों ने रक्तवीर परिवार के इस पहला का स्वागत किया।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया में आज राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर रक्तवीर परिवार सरिया के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरिया पहुंचकर डॉक्टरों का सम्मान किया। यहां पदस्थ चिकित्सकों को रक्तबीर परिवार ने गुलदस्ता एवं गिफ्ट भेंट का सम्मान किया। रक्तवीर परिवार सरिया के संयोजक व नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने कहा कि चिकित्सा सेवा को समर्पित चिकित्सकों का सम्मान कर समाज की ओर से उनके प्रति की कृतज्ञता व्यक्त करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सम्मान समारोह का उद्देश्य केवल सम्मान प्रदान करना नहीं बल्कि, सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता की उसे परंपरा का अभिनंदन करना है। जो चिकित्सा पेशे की सबसे बड़ी पहचान है।नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने यहां के चिकित्सक डॉक्टर ऋषभ शर्मा, डॉक्टर मनोज चौधरी, डॉक्टर जीत पटेल एडॉक्टर एस कर एवं सुश्री डा कृष्णा साहू कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सरिया क्षेत्र की आबादी लगभग एक लाख से अधिक की आबादी वाला क्षेत्र है। और यहां के चिकित्सक 24 घंटा अपनी सेवा देकर क्षेत्र को संभाले हुए हैं। उनके कुशल व्यवहार, कुशल चिकित्सा पद्धति से लोग दूर दूर से पहुंचते हैं और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करते हैं। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सरिया क्षेत्र में अब 100 बिस्तर हॉस्पिटल का निर्माण कार्य प्रगति पर है और शीघ्र ही यह सौगात अंचल को प्राप्त होगा और इसका लाभ सरिया क्षेत्र सहित सरहदी प्रांत उड़ीसा को भी प्राप्त होगा।



### लोकओएस ऐप से मजबूत होगा ग्रामीण आजीविका मिशन

**रायगढ़।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम के अंतर्गत स्व.सहायता समूहों और ग्राम संगठनों के डिजिटल सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला स्तरीय लोकओएस ऐप प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य स्व सहायता समूहों के लेखा जोखा को डिजिटल माध्यम से अधिक पारदर्शी, सुदृढ़ और व्यवस्थित बनाना था। 30 मई से प्रारंभ हुए इस विशेष प्रशिक्षण अभियान में जिले के सातों विकासखंडों के स्व सहायता समूह एवं ग्राम संगठनों की इलेक्ट्रॉनिक बुक कीपर दीदियों को आठ अलग अलग बैचों में प्रशिक्षण दिया गया।

## संजीवनी नर्सिंग होम में मना डॉक्टर्स डे, चिकित्सकों का सम्मान

**रायगढ़।** शहर के संजीवनी नर्सिंग होम परिसर में एक जुलाई को डॉक्टर्स डे की खुशी में रोटेरियन व नर्सिंग होम के डायरेक्टर पुरुषोत्तम अग्रवाल के विशेष मार्गदर्शन में डॉ विधानचंद्र राय को स्मरण करते हुए नेशनल डॉक्टर्स डे स्टाफ के सभी सदस्यों ने केक काटकर यादगार ढंग से मनाया।

डॉक्टर्स डे रायगढ़ रोटरी क्लब ऑफ रायगढ़ ग्रेटर के संस्थापक रोटेरियन पुरुषोत्तम अग्रवाल संजीवनी ने सारगर्भित उद्घोबधन में कहा कि हमारे देश के चिकित्सा पेशेवरों की अथक सेवा, समर्पण और त्याग को समझते हुए उनके सम्मान में एक जुलाई को डॉ विधानचंद्र राय के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय डॉक्टर के रुप में दिवस मनाया जाता है। आज का यह पावन दिन सम्मानीय चिकित्सकों की महत्वपूर्ण योगदान का सम्मान है। वहीं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ केदारनाथ पटेल ने कहा कि ईश्वर की कृपा से सेवा करने का अवसर मिला है उम्र भर लोगों की सेवा में समर्पित रहेंगे। सेवा कर आत्मीय खुशी मिलती है। इसी तरह वरिष्ठ चिकित्सक डॉ अनिल तिर्की ने अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त करते हुए कहा कि जब तक साँसें रहेंगी मरीजों की सेवा में यूँ ही समर्पित रहेंगे। किया गया आत्मीय सम्मान डॉक्टर्स डे के पावन अवसर पर डॉयरेक्टर पुरुषोत्तम अग्रवाल संजीवनी, क्लब सचिव नयन अग्रवाल, गिरधर खेमका, तरुण अग्रवाल ने शहर के ख्यातिलब्ध चिकित्सक डॉ के. एन पटेल, डॉ प्रकाश चेतवानी, डॉ अनिल तिर्की, डॉ पीके गुप्ता, डॉ मालती पटेल, डॉ स्वीटी चौबे व उपस्थित सभी चिकित्सकों का सम्मान गुलदस्ता व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं इस अवसर पर रोटेरियन पुरुषोत्तम अग्रवाल संजीवनी, नयन अग्रवाल क्लब सचिव, तरुण अग्रवाल एवं संजीवनी नर्सिंग होम टीम के सभी सदस्यों की उपस्थिति रही।



## ओपीजेयू में आईईईई प्रायोजित तीन दिवसीय वैश्विक तकनीकी सम्मेलन

**तमनार।** ओपी जिंदल विश्वविद्यालय, रायगढ़ द्वारा आईईईई प्रायोजित "स्मार्ट कंप्यूटिंग फॉर इन्नोवेशन एंड एडवांसमेंट इन इंडस्ट्री 5.0 विषय पर तीन-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी सम्मेलन का आयोजन 26 से 28 जून तक किया गया। इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स द्वारा प्रायोजित इस पाँचवें अंतर्राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी सम्मेलन का आयोजन हाइब्रिड माध्यम से संपन्न हुआ। इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य विश्वभर के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, शासकीय प्रतिनिधियों, उद्योग एवं कॉर्पोरेट जगत के विशेषज्ञों, नीति-निर्माताओं तथा अन्य सभी हितधारकों को एक साझा मंच प्रदान करना था। इसके माध्यम से प्रतिभागियों को इंटेलिजेंट कंप्यूटिंग, संचार एवं नेटवर्किंग, नवीकरणीय ऊर्जा तथा इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसे बहुआयामी क्षेत्रों में अपने शोध, निष्कर्ष एवं नवाचारों को साझा करने का अवसर मिला, जिससे सतत विकास की संभावनाओं को सुदृढ़ किया जा सके। सम्मेलन में देश-विदेश से जुड़े वैज्ञानिकों, प्रोफेसरों, शोधार्थियों, उद्योग विशेषज्ञों एवं शिक्षाविदों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान प्रतिभागियों को उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में अपने मौलिक शोध कार्य प्रस्तुत करने तथा नवीनतम अनुसंधान प्रवृत्तियों से अवगत होने का महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ।



## कन्या शाला में प्रधानपाठक अखिलेश का सम्मान

**घरघोड़ा।** शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय के माध्यमिक खंड मे प्रधानपाठक के पद पर कार्यरत अखिलेश कुमार मिश्रा के 30 जून को अपनी अधिवर्षिकी आयु पूर्ण करने के पश्चात विद्यालय प्रांगण में उनके शासकीय कार्यों के दौरान किए गए कार्यों को लेकर शिक्षकों एवं छात्राओं ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। श्री मिश्रा विद्यालय में 2018 से प्रधानपाठक के पद पर पदस्थापित होकर विद्यालय के शैक्षणिक एवं पाठ्य सहगामी क्रियाओं को लेकर क्षेत्र मे विद्यालय को एक नयी पहचान दिलवायी द्य प्रधानपाठक कक्ष का निर्माण, कन्या शिक्षा, स्वच्छता एवं शासन के दिशा निर्देशों के परिपालन मे समस्त कार्य गतिविधियों का संचालन मे उत्साह एवं विशेष रूचि लेकर अनुकरणीय कार्य किए द्य अपने कार्य अवधि के अंतर्गत विभाग, सहकर्मी शिक्षकों के साथ एवं शाला प्रबंधन के मध्य समन्वयता स्थापित करते हुए छात्राओं को एक नयी दिशा प्रदान करने में निरंतर जुटे रहे एवं अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करते रहे। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं कार्यालयीन कर्मचारियों की उपस्थिति में सम्मान किया गया।

## अदाणी फाउंडेशन ने दिया योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अदाणी पावर लिमिटेड, रायगढ़ की सीएसआर इकाई अदाणी फाउंडेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम स्वस्थ उम्र बढ़ने के लिए योग रही, जिसमें योग को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक संतुलन बनाए रखने के एक प्रभावी माध्यम के रूप में प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ साइट प्रोजेक्ट हेड, विभागाध्यक्षों, कर्मचारियों, कबड्डी खिलाड़ियों और स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। हर वर्ष 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में सामुदायिक सहभागिता पर विशेष ध्यान दिया गया। यह आयोजन अदाणी पावर लिमिटेड, रायगढ़ परिसर तथा आसपास के ग्रामों बड़े भंडार, छोटे भंडार, सूपा, अमलीभौना और कठली में किया गया। इसमें स्कूली छात्र छात्राओं, कबड्डी खिलाड़ियों, पंचायत प्रतिनिधियों और संयंत्र के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान योग अभ्यास एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए, साथ ही प्रतिभागियों को योग के स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर आत्म नियमन, व्यक्तित्व विकास और मानसिक एकाग्रता को बेहतर बनाने पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। पूरे सत्र में यह संदेश दिया गया कि नियमित योग अभ्यास व्यक्ति के समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक है। इस योग शिविर में 150 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें स्कूल के छात्र छात्राएं, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, कबड्डी खिलाड़ी और अदाणी पावर लिमिटेड के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। प्रतिभागियों को दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम बड़े भंडार से अक्षय प्रधान, छोटे भंडार से धर्म सिंह पटेल एवं बृंद पटेल तथा सूपा से फिरतू रात्रे की उपस्थिति रही। स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अदाणी फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों के क्रम में हाल ही में आसपास के क्षेत्र में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 40 बिस्तरों वाले अस्पताल के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया है। इसके साथ ही 24×7 आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की शुरुआत की गई है, जिससे स्थानीय समुदाय को त्वरित और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं।

## सारंगढ़ में कबीर प्राकट्य दिवस पर निकाली गई शोभायात्रा



**कोसीर।** केशरवानी भवन सारंगढ़ में एसकेडीवी मिशन के जिला तहसील, ग्रामीण प्रतिनिधियों एवं साहेब जनों के द्वारा कबीर प्राकट्य दिवस बहुत धूमधाम से मनाया गया। कबीर साहेब की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

शोभा यात्रा में बढ़-चढ़ कर काफी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। खास करके आमीन माताओं की उपस्थिति ज्यादा रही। कबीर पंथियों एवं समाज के लोग पांच सौ से अधिक की संख्या में शोभा यात्रा में शामिल हुए। शोभा यात्रा की शुरुआत तुर्की तालाब मेला मैदान से प्रस्थान करते हुए शा हास्पिटल रोड नंदा चौक होते भारत माता चौक में शोभा यात्रा को समापन किया गया। तत्पश्चात सद्गुरु कबीर साहब की पूजा आरती की कार्यक्रम सम्पन्न हुई सभी लोग भोजन प्रसाद ग्रहण किए और स्टाल लगा कर रोड चलते मुसाफिरों को प्रसाद रूपी बूंदी केला बाट कर सेवा करने की सौभाग्य मिला इस विशेष कार्यक्रम में वरदास जिला प्रतिनिधि, दिलीप महंत जिला परोपकारी, दिनेश दास युवा जिला प्रतिनिधि पूनम महंत महिला जिला प्रतिनिधिएकिशोर युवा उप जिलाप्रतिनिधि, अगर दास दीवान सारंगढ़ तहसील प्रतिनिधि के नेतृत्व एवं सभी समस्त ग्रामीण प्रतिनिधियों का सहयोग से कार्यक्रम सफल हुआ।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 10,900/-
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
18 सितम्बर से 25 सितम्बर 2026 (8 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी, कोलकाता
(दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मंदिर, बेलूर मठ)
ऑफर राशि : स्लीपर 10,900/-, 3 एसी-18,500/-, 2 एसी 23,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त